INDIAN SCHOOL SOHAR **Set 2**

FORMATIVE ASSESSMENT -4 (2015-16)

विषयः हिंदी (पाठ्य□म - ब)

कक्षा : IX **समय : 40 मिनट**

दिनांक: -2-2016 **पूर्णांक: 20**

निर्देश □1 इस प्रश्नपत्र में कुल 10 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका □मांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- **अपठित गद्यांश**

प्रत्येक राष्ट्र के जीवर्न निर्वाह के लिए यह आवश्यक है कि देश की प्राकृतिक सम्पत्ति की रक्षा की जाए। देश की कृषि□देश की खानों की पैदावार तथा देश की दस्तकारी की रक्षा किए बिना□उनकी उन्नति किए बिना किसी भी देश के बच्चों का पालन करना सर्वथा कठिन है। हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि राष्ट्रीय उन्नति के लिए देश की प्राकृतिक सम्पत्ति की अपेक्षा देश की मानसिक और नैतिक सम्पत्ति को बढ़ना अधिक आवश्यक है। जो राष्ट्र अपनी नैतिक सम्पत्ति की उचित रक्षा करता है□केवल वही राष्ट्र सम्मान□उत्साह और स्वतंत्रता के साथ इस संसार में जीवित रह सकता है। राष्ट्र के बालक□बालिकाए□राष्ट्र की मानसिक और नैतिक सम्पत्ति हैं। जो देश इस धन की उचित रक्षा नहीं करता वह उन्नति के पथ से हटकर अवनति के गर्त में चला जाता है। उपर्युक्त सम्पत्तियों की रक्षा तभी ठीर्क ठीक हो सकती है जब हम अपने कर्त्तव्यों को पूरा करने तथा अधिकारों को प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध हों। वस्तुत□किसी देश की प्राकृतिक सम्पत्ति की रक्षा तथा वृद्धि भी उस देश की नैतिक सम्पत्ति की रक्षा और वृद्धि पर ही निर्भर है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) राष्ट्र के जीवर्न निर्वाह के लिए क्या आवश्यक है □ □1□

(ख) राष्ट्र की मानसिक और नैतिक सम्पत्ति किन्हें कहा गया है □ □1□

(ग) राष्ट्र की मानसिक और नैतिक सम्पत्तियों की रक्षा किस प्रकार की जा सकती है □ □1□

(घ) देश की प्राकृतिक सम्पत्ति की रक्षा किस पर निर्भर है□ □1□

प्रश्न 2 - □क□वर्ण-विच्छेद कीजिए - निर्जन □1□

□ख□वर्ण- संधि कीजिए - श् + र् + ए + ष् + ठ् + अ

प्रश्न 3 - निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए। (1)

देवदास एक कलात्मक फिल्म है

प्रश्न 4 - (क) संधि कीजिए - निः + आशा (1)

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए - पुरुषोत्तम

प्रश्न 5 - उपसर्ग व प्रत्यय बताइए। (1)

प्रत्याशित

प्रश्न 6 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक व अनुस्वार का प्रयोग कर शब्द पुनः लिखें। (1)

बधन, गूज

प्रश्न 7 - 'हामिद खाँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि भारत में आपसी सौहार्द और सद्भावना है। (3)

प्रश्न 8 - सबके कल्याण हेतु अपने आचरण को सुधारना क्यों आवश्यक है? (3)

प्रश्न 9 - 'अग्नि पथ' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए। (2)

प्रश्न 10 – अपनी पुरानी कार बेचने हेतु किसी समाचार पत्र के लिए एक विज्ञापन प्रस्तुत कीजिए। (3)

---oOo---